
## खबर संक्षेप

### जीएसटी कार्रवाई: रामपुर बाघेलान के ज्वेलर्स से 50.38 लाख की वसूली

**सतना।** स्टेट जीएसटी टीम ने रामपुर बाघेलान के प्रसिद्ध ज्वेलर्स शोरूम 'विदुर प्रसाद सुखनंदन प्रसाद' और उसकी सहयोगी फर्म पर दो दिवसीय जांच पूरी की। इस कार्रवाई में भारी टैक्स चोरी पकड़ी गई है,जिसके बाद कारोबारी से 50.38 लाख रुपये का टैक्स और जुर्माना वसूला गया है।

**टैक्स चोरी का तरीका -** ज्वाइंट कमिश्नर उमेश तिवारी के निर्देश पर हुई इस जांच में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। कारोबारी अपने कुल टैक्स का 98 प्रतिशत हिस्सा इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के माध्यम से समायोजित कर रहा था और केवल 2 प्रतिशत ही नकद जमा कर रहा था। स्टॉक और दस्तावेजों के मिलान में भारी विसंगतियां पाई गईं। असिस्टेंट कमिश्नर मनोरमा तिवारी ने बताया कि जब्त किए गए दस्तावेजों की विस्तृत जांच जारी है,जिससे टैक्स की राशि और भी बढ़ने की संभावना है।

### भाजपा पार्षद पति गिरफ्तार: छेड़छाड़ और धमकी के आरोप में पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**सतना।** रामपुर बाघेलान नगर परिषद की भाजपा पार्षद के पति अशोक सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर एक महिला के साथ छेड़छाड़,अभद्र आचरण और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप है। यह कार्रवाई पीड़ित महिला द्वारा एसपी कार्यालय में दिए गए आवेदन और सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर की गई है। प्रारंभिक शिकायत में महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था,लेकिन पुलिस जांच और महिला के बयानों में यह बात सामने आई कि उसने अत्यधिक दबाव और डर के कारण वह आरोप लगाया था। हालांकि,जांच में आरोपी द्वारा अश्लील इशारे करने,छेड़छाड़ करने और धमकी देने की पुष्टि हुई है। पुलिस के पास एक वीडियो साक्ष्य के रूप में है जिसमें आरोपी महिला को धमकाते हुए और थाना प्रभारी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दिख रहा है।उपनिरीक्षक प्रीति कुशवाहा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (**BNS**) की धारा 74,75(2),79,296(1) और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### हनुमान चौक पर हादसा: ट्रांसफार्मर की आग से दो कारें जलकर राख



**सतना।** सतना शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमान चौक पर शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा टल गया,लेकिन लाखों का आर्थिक नुकसान हुआ है। पार्किंग एरिया में लगे एक बिजली ट्रांसफार्मर में रात करीब 3 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।

**20 लाख का नुकसान-** देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बगल में खड़ी दो कारों-एक अर्टिगा और एक ऑल्टो को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय निवासियों ने फायर ब्रिगेड को सूचित किया, लेकिन जब तक दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया,तब तक दोनों कारें पूरी तरह जल चुकी थीं।अनुमान के मुताबिक इन कारों की कीमत लगभग 20 लाख रुपये थी। बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर मेंटेनेंस का काम शुरू कर दिया है।

### विधायक और कार्यकर्ताओं ने सुने प्रधानमंत्री के विचार



**मैहर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन मैहर विधानसभा के विभिन्न बूथों पर किया गया। ग्राम पंचायत पलौहा (बूथ क्रमांक 07) में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम सुना। यहाँ पीएम ने भारतीय संस्कृति,प्राकृतिक खेती और सौर ऊर्जा जैसे विषयों पर चर्चा की। वार्ड क्रमांक 9: प्रजापति मोहल्ला (बूथ क्रमांक 109) में सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी की उपस्थिति में सामूहिक श्रवण हुआ। कार्यकर्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

# मुख्यमंत्री की प्रशंसा और 'गुरु-महागुरु' के संबोधन के मायने, क्या थमेगा स्थानीय 'शीत युद्ध'?

सतना।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के शनिवार को हुए सतना दौरे ने जिले की सियासत में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है।नए बस स्टैंड के लोकार्पण समारोह के दौरान मंच से जो बयानबाजी हुई,उसके गहरे राजनीतिक निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा महापौर योगेश ताम्रकार की कार्यशैली की जमकर सराहना करना और फिर सांसद गणेश सिंह का उन्हें 'महागुरु' कहना,जिले की आंतरिक राजनीति में एक नया मोड़ माना जा रहा है।

### 'गुरु निकले महापौर': मुख्यमंत्री की विशेष सराहना

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने महापौर योगेश ताम्रकार के कामकाज पर संतोष व्यक्त किया। विशेष रूप से दादाधारी स्टेडियम के कायाकल्प और वहां फ्लड लाइट्स की व्यवस्था-जिससे अब वहां रात में भी क्रिकेट खेला जा सकेगा-का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि योगेश ताम्रकार तो गुरु निकले। मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी को नगर निगम प्रशासन के लिए एक 'प्रमाण पत्र' के रूप में देखा जा रहा है। इसके तुरंत बाद मंच पर मौजूद वरिष्ठ नेता सांसद गणेश सिंह ने बात को आगे बढ़ाते हुए महापौर को 'महागुरु' की उपाधि दे दी। हालांकि यह संवाद हल्के-फुल्के अंदाज में हुआ,लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे वर्चस्व की लड़ाई और आपसी तालमेल बिठाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

### प्रभारी मंत्री की उपस्थिति और राजनीतिक समीकरण

इस दौरे का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति रही। लंबे समय से यह चर्चा का विषय था कि प्रभारी मंत्री का सतना दौरा बार-बार किन्हीं अपरिहार्य कारणों से टल रहा था। कई बार कार्यक्रम तय होने के बावजूद उनका अकेले सतना न आना स्थानीय राजनीति में चर्चाओं का केंद्र बना हुआ था। अब मुख्यमंत्री के साथ उनकी मौजूदगी ने उन अटकलों पर विराम लगाने का प्रयास किया है,लेकिन जानकारों का मानना है कि अंदरूनी समीकरण अभी भी पूरी तरह सुलझे नहीं हैं।

### पर्दे के पीछे का 'शीत युद्ध'

सतना भाजपा के भीतर जनप्रतिनिधियों के बीच चल रहा कथित 'शीत युद्ध' किसी से छिपा नहीं है। शहर की राजनीति और हवा का रुख पहचानने वाले लोग जानते हैं कि विकास कार्यों के श्रेय और सांगठनिक प्रभाव को लेकर अंदरूनी खींचतान लंबे समय से मौजूद है। मुख्यमंत्री द्वारा मंच से महापौर की सार्वजनिक प्रशंसा करना और प्रभारी मंत्री का मुख्यमंत्री के साथ ही जिले में कदम रखना,इस अंतर्कलह को शांत करने की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा भी हो सकता है।

### क्या बदलेगी सियासत?

मुख्यमंत्री के इस दौरे और 'गुरु-महागुरु' के संबोधन ने कार्यकर्ताओं में उत्साह तो भरा है,लेकिन इसने प्रतिद्वंद्विता की लकीर को भी और स्पष्ट कर दिया है। क्या मुख्यमंत्री की यह 'थपकी' सतना के जनप्रतिनिधियों के बीच जमी बर्फ को पिघला पाएगी या यह आने वाले दिनों में किसी नए राजनीतिक घटनाक्रम की पटकथा लिखेगी,यह देखना दिलचस्प होगा।



## कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस: आजादी से लेकर लोकतंत्र की रक्षा तक संघर्षों का इतिहास

**मैहर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस द्वारा वार्ड क्रमांक 9 में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान हुआ और कार्यकर्ताओं ने तिरंगे के प्रति सम्मान व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष धर्मेश घई ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास संघर्षों और बलिदानों का रहा है। हमें इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए जनहित की लड़ाई लड़नी है। ब्लॉक अध्यक्ष मुन्ना रमेश प्रजापति ने इसे संकल्प का क्षण बताया,वहीं सेवादल अध्यक्ष अरुण तनय मिश्रा ने अनुशासन और सेवा भाव पर जोर दिया। कार्यक्रम में रामभद्र पांडे,अमजद खान,पंकज कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रामस्थान में बाउंड्री निर्माण को लेकर विवाद: महिला पर लाठी से हमला, वीडियो वायरल

सतना।

जिले की बाबूपुर चौकी क्षेत्र के रामस्थान गांव में शनिवार को बाउंड्री निर्माण को लेकर दो पड़ोसियों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस विवाद के दौरान एक महिला के साथ सरेराह मारपीट की गई,जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाई है।



### क्या है विवाद की जड़

मिली जानकारी के अनुसार,रामस्थान निवासी श्रीराम पाण्डेय अपने घर के सामने पत्थर की बाउंड्री बनवा रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाले प्रमोद पांडेय ने वहां पहुंचकर निर्माण कार्य का विरोध किया और पत्थर हटाना शुरू कर दिया। जब श्रीराम की पत्नी संगीता पाण्डेय ने उन्हें रोकने की कोशिश की,तो आरोपी प्रमोद हिंसक हो उठा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आरोपी ने पहले संगीता को थप्पड़ मारा और फिर पास ही पड़ी लाठी से उन पर हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। रविवार को जब मारपीट का वीडियो वायरल हुआ,तब पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण दर्ज किया। चौकी प्रभारी शुभम ने बताया कि आरोपी प्रमोद पांडेय के घर दबिश दी गई थी,लेकिन वह फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है और घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

## टिकुरिया टोला में सूने घर से लाखों की नकदी और सामान पार





सतना।

शहर के कोलगवां थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 37, टिकुरिया टोला में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया। पीड़ित शुभम गुप्ता अपने परिवार के साथ मथुरा की यात्रा पर गए हुए थे,जिसका फायदा उठाकर चोरों ने घर के ताले चटकाए और कीमती सामान समेट ले गए। घटना की जानकारी तब हुई जब पड़ोसियों ने घर के ताले टूटे देखे और शुभम को फोन पर सूचना दी। रविवार को सतना लौटे शुभम गुप्ता ने कोलगवां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि चोरों ने तकनीकी उपकरणों और नकदी पर हाथ साफ किया है।चोरी गए सामान में दो ड्रोन कैमरे, एक एम3 कैमरा,एक फोटो कैमरा,एक वीडियो कैमरा और एक लैपटॉप शामिल है। इसके अलावा चोर घर के बाहर खड़ी एक डिस्कवर बाइक,शादी के उपयोग वाले पीतल के बर्तन,चांदी का ब्रेसलेट और अलमारी में रखे 1 लाख 57 हजार रुपये नकद भी ले गए।कोलगवां पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और अब आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।पुलिस का कहना है कि चोरों ने रेकी के बाद वारदात को अंजाम दिया है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




## दवा प्रतिनिधियों की आम सभा संपन्न, श्रम नीतियों पर जताई चिंता

**सतना।** स्थानीय महामाया होटल में दवा प्रतिनिधियों की आम सभा आयोजित की गई,जिसमें राज्य सचिव कॉम वीरेंद्र सिंह रावल मुख्य अतिथि रहे। इकाई अध्यक्ष राकेश सिंह परिहार ने उनका स्वागत किया,जबकि सचिव जितेन्द्र मिश्रा ने कार्यस्थल की समस्याओं पर चर्चा की। कॉम रावल ने संगठन के गौरवशाली इतिहास को रेखांकित करते हुए सरकार द्वारा लागू की गई 4 श्रम संहिताओं की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हड़ताल पर प्रतिबंध की कोशिश और 'फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट' जैसी नीतियां श्रमिक विरोधी हैं। कोषाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी ने वर्ष 2026 की सदस्यता पर चर्चा की। सभा में रणवीर सिंह,विवेक यादव सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मासिक प्रार्थना सभा आयोजित

**सतना।** मूल्य एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पाठ्यक्रम के अभिन्न अंग के रूप में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत मासिक प्रार्थना सभा का आयोजन विवेकानंद सभागार में बी एड समूह,कला संकाय द्वारा ॐ के सामूहिक उच्चारण और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस मौके पर अनिल शुक्ला ने गीता के श्लोक-भावार्थ प्रस्तुत किए। अभिषेक सोनी द्वारा महापुरुष की जीवनी के रूप में सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।सोनालिका सेन ने एकल गायन के रूप में बघेलखंडी लोकगीत प्रस्तुत हुए। राजकुमार सिंह ने गणित के जादूगर श्री निवास रामनुजन के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डाला। सूचना और जानकारी के रूप में उप कुलसचिव अकादमी प्रो साधना चौरसिया ने मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बीएड समूह की ओर से प्रेरणा गीत की प्रस्तुति समूह गायन के रूप में हुई। मार्गदर्शन उद्बोधन में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो आञ्जनेय पांडेय ने नवनियुक्त कुलगुरू प्रो आलोक चौबे के ऊर्जावान संदेश का वाचन किया। उपस्थित जन समूह की सहभागिता से पूज्य बापू के प्रियभजन रघुपति राघव राजा राम का सामूहिक भजन हुआ। संयोजन डॉ विवेक फड़नीस और वाद्ययंत्रों के साथ संगीतकारी संगीत इकाई ने किया। प्रार्थना सभा के कार्यक्रमों की प्रस्तुति शिक्षक शिक्षा समूह के विद्यार्थीगण मालती, निधि, अनिल, अभिषेक,




राजकुमार,सोनालिका,मिथलेश,तीरथ,लवकेश्वरी,सृष्टि वसंचालन कौशिकी शिवहरे ने किया। इस मौके पर शिक्षक,कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

### ग्रामोदय विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा व्याख्यान कल

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार,भारतीय भाषापरिषद के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय भाषा परिवार विषयक व्याख्यान 30दिसंबर को आयोजित होगा।इस आशय की जानकारी देते हुए प्रो ललित कुमार सिंह,विभागाध्यक्ष हिंदी ने बताया कि कुलगुरु प्रो आलोक चौबे की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहाबाद केंद्रीय विश्व विद्यालय प्रयागराज के प्रो योगेंद्र प्रताप सिंह मुख्य वक्ता होंगे। इस अवसर पर भारतीय भाषा परिवार शीर्षक से प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन एवं इन पुस्तकों की विषय सामग्री पर व्याख्यान-परिचर्चा आयोजित होगी।

## मझगवां क्षेत्र के 93 गांवों के लिए लगा विशाल स्वास्थ्य शिविर: 1500 मरीजों का उपचार

सतना।

जिले के मझगवां विकासखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर ग्रामीण इलाकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार, 26 दिसंबर को आयोजित इस शिविर में इंडो न्यूक्लियर एनर्जी और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से 16 अलग-अलग केंद्रों पर 93 गांवों के मरीजों की जांच की गई।



### उपलब्धियां और सेवाएं:

शिविर में 1500 से अधिक ग्रामीणों का परीक्षण किया गया। डॉक्टरों की टीम ने बुखार,खांसी,पेट रोग,चर्म रोग,स्त्री रोग और बीपी-शुगर जैसी समस्याओं का उपचार किया और मुफ्त दवाइयां वितरित कीं। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रेणुका जायसवाल और जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।उत्तर प्रदेश के बागपत से आए विशेषज्ञों की टीम ने भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं। मोबाइल एंबुलेंस के जरिए गंभीर रूप से बीमार लोगों को विशेष सहायता दी गई।

### प्रशासन एकादश ने विधायक एकादश को 7 रनों से हराया



**मैहर।** खेल के माध्यम से आपसी समन्वय बढ़ाने के उद्देश्य से 'प्रशासन एकादश' और 'विधायक एकादश' के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। प्रशासन एकादश ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया और विधायक एकादश को 7 रनों से शिकस्त दी। प्रशासन टीम की कमान पुलिस अधीक्षक मैहर ने संभाली,जबकि विधायक एकादश का नेतृत्व विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने किया। सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। विधायक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता: अनामिका और आलोक ने मारी बाजी



मैहर।

संकल्प सामाजिक उत्थान समिति द्वारा स्थानीय सीकैट कॉलेज में 'आओ जाने अपना भारत' प्रतियोगिता आयोजित की गई,जिसमें लगभग 200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विजेता (जूनियर वर्ग): साई विद्या मंदिर की अनामिका सोनी प्रथम,कान्हा विश्वकर्मा द्वितीय और अभिनंदन अवधिया तृतीय रहे। विजेता (सीनियर वर्ग): नेहरू सेंचुरी स्कूल के आलोक सेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंकिता सेन दूसरे और प्रेम पांडे तीसरे स्थान पर रहे। सम्मान: कार्यक्रम में पत्रकारों और सहायक शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। समिति के सदस्यों और गणमान्य नागरिकों ने बच्चों के बौद्धिक विकास की इस पहल को सराहा।

# ग्राम पंचायत में प्राचीन श्मशान शांतिधाम के मार्ग के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने मिलकर रखी मांग

## रामनाम सत्य है पर अंतिम यात्रा के मार्ग के निर्माण को लेकर सबसे बड़ी जरूरत

प्रदेष सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने भी जहां हर गांव में शमषान व शांतिधाम सुविधायुक्त बनाये जाने को लेकर जोर दिया है। वहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने भी शांतिधाम को लेकर प्रमुखता से जोर दिया। फिर भी पंचायतों के जिम्मेदार कब होगें सजग ताकि सबसे बड़ी जरूरत शांतिधाम मार्ग को लेकर जहां रामनाम सत्य है अंतिम यात्रा अंतिम संस्कार को लेकर सबसे प्रमुखता से पहुंच मार्ग व सुविधायुक्त शांतिधाम की जरूरत।





पन्ना।

जिले के अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम फरस्वाहा जो पंचायत मुख्यालय भी है। जहां प्राचीन समय से केन नदी के किनारे अंतिम यात्रा यानि की शमषान का मार्ग जो हुआ करता था वह लम्बे अर्से से ठप्प कर दिया गया। आवागमन का मार्ग ही अवरूद्ध हो गया। गांव की नाली का पानी उसी मार्ग से जाता रहा। जिसके चलते मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ। साथ ही बारिष का पानी भी उसी जगह से गुजरा जिसके चलते मार्ग खाई बन गया। निष्चितौर पर जब शमषान की जरूरत याद आती है वहीं जीवन की अंतिम यात्रा अंतिम संस्कार जिसमें रामनाम सत्य है यह भी सबको याद कुछ क्षण के लिए ही सही जरूर आता है। पर अर्थी लेकर कैसे शमषान तक पहुंचा जाये यह बड़ी समस्या बन चुकी थी। दास्ता कहीं न कहीं यह सभी के साथ गुजरती है। अभी हाल में कुछ समय पूर्व जहां इस मार्ग की जरूरत को लेकर सभी ग्रामीणों ने मिलकर किसी तरह से ग्राम पंचायत के सहयोग से आवागमन के लिए मार्ग का निर्माण मिट्टी काटकर पुराई करते हुए बनाने की तो सफलता पाई पर जरूरत है इस मार्ग में सीसी निर्माण व नाली निर्माण की ताकि शांतिधाम का मार्ग या शमषान का मार्ग सदैव के लिए सुविधाजनक बना रहे। बारिष के समय यह मार्ग कहीं न कहीं फिर से कटाव को लेकर माना जा रहा है। इसलिए वर्षाकाल के पूर्व अगर इस मार्ग में सीसी सड़क व नाली का निर्माण नहीं कराया गया तो जो मार्ग बनाया गया वह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जायेगा। इसलिए जरूरत है कि शांतिधाम या शमषान का मार्ग केन नदी की ओर जाने वाला जिसमें सीसी सड़क व नाली के निर्माण को लेकर समस्त ग्रामवासियों ने मांग की है प्रमुखता से आखिर मध्यप्रदेष सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव व पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल जी की सोच भी शांतिधाम के मार्ग को लेकर सुविधाजनक तरीके से सुविधायुक्त शांतिधाम की जरूरत पर जोर तो दिया ही गया है। वहीं ग्रामीणों की प्रमुख मांग केन नदी तक शमषान व शांतिधाम मार्ग के लिए सीसी सड़क व नाली निर्माण को लेकर प्रमुखता से बनी हुई है। अब देखना यह है कि वर्षा के पूर्व इस मार्ग के बचाव को लेकर सीसी सड़क व नाली निर्माण होता है या कि नहीं चूंकि ग्रामीणों की सोंच का ख्याल पंचायत या फिर जिम्मेदार अधिकारियों को लेकर उचित माना जाता है या कि नहीं। रामनाम सत्य वहीं अंतिम संस्कार केन नदी के किनारे जो प्राचीन समय से होते आये है वहां तक यह सुविधायुक्त मार्ग मिल सके यही सभी ग्रामीणों की मांग है।

**इनका कहना है-**

इस मार्ग के सीसी सड़क व नाली निर्माण को लेकर सब इंजीनियर को भेजकर तकनीकि रूप से प्राकलन तैयार कराया जायेगा ताकि समय रहते इस मार्ग का निर्माण कराया जा सके।

**श्रीमती ऊषा परमार, कलेक्टर पन्ना**

# जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना में धूमधाम से मनाया गया कांग्रेस स्थापना दिवस



मनरेगा बचाओ अभियान की ली गई शपथ, वरिष्ठ कांग्रेसजनों का किया गया सम्मान

**पन्ना।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना कार्यालय में कांग्रेस का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष अनीश खान के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान ने पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेसजनों का शॉल एवं पुष्पमालाओं से सम्मान कर उनके संघर्ष और योगदान को नमन किया। साथ ही उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा बचाओ अभियान की शपथ ली। जानकारी दी गई कि यह अभियान आगामी 5 जनवरी से संपूर्ण पन्ना जिले में चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से आमजन और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठाई जाएगी। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेननी के परिजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवाओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का सफल संचालन राज बहादुर पटेल द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### नेशनल हाई वे 39 में सतना से इंदौर जा रही यात्री बस पेड़ से टकराई



**यात्रियों ने बताया नशे में था ड्राइवर और खलासी, बाल बाल बचीं 30-35 लोगों की जान**

**पन्ना।** पन्ना जिले के देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सकरिया मोड़ के पास एक तेज रफ्तार यात्री बस सड़क किनारे अनियंत्रित होकर जंगल की ओर घुस गई और पेड़ से टकराकर खड़ी हो गई। पेड़ न होता तो बड़ी दुर्घटना हो जाती। बस में सवार यात्रियों ने बताया कि 25 सवारियां स्लीपर में थी और कुछ लोग सीटों में बैठे भी थे। बस सतना से इंदौर जा रही थी। इस बस में कुछ छात्र और युवा कर्मचारी भी सवार थे जिनका कल जरूरी काम इंदौर में था। दुर्घटना के बाद ड्राइवर गायब है और बस कंपनी द्वारा जो हेल्पलाइन नंबर दिया गया था उससे कोई मदद यात्रियों को नहीं मिली। सूचना के लगभग 40 मिनट बाद पुलिस मौके पर पहुंची। और कार्रवाई में जुट गई है। एक घायल को देवेंद्रनगर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है एवं 3 पन्ना जिला की ओर गए थे

### खजुराहो सांसद का मंडल संगठन अमानगंज ने किया जोरदार स्वागत



**अमानगंज।** भारतीय जनता पार्टी मंडल संगठन अमानगंज के पार्टी कार्यकर्ताओं ने आज नगर के गांधी चौक पर पार्टी संगठन के पदाधिकारीयो संगठन के कार्यकर्ताओं एवं नगर निकाय अध्यक्ष ने खजुराहो सांसद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा जी का भारी आतिशबाजी और ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया इस मौके पर मंडल संगठन के अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक ने स्वागत करते हुए शाल श्रीफल उपहार स्वरूप भेंट किया इस मौके पर जिला संगठन के अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा प्रदेश प्रतिनिधि सदानंद गौतम इस मौके पर मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष द्वारा पार्टी के विभिन्न नेताओं का इस मोके पर परिचय कराया गया। आयोजन में मुख्य रूप से मस्तराम राजपूत पार्षद मुकेश चौबे (राजू) महामंत्री राजा प्रजापति लखन तिवारी उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी अरविंद दुबे आनंद सिंह राजपूत हरिकांत रेजा मीडिया प्रभारी प्रेम नारायण शर्मा कमलेश पांडे, कमल जैन, रामू सोनी, अमित चंनपुरिया बृजेश राजपूत विजय सक्सेना सहित मंडल संगठन के समस्त पदाधिकारी गन मौके पर उपस्थित रहे।

### कैंप लगाकर मिशन मोड पर बनवाएं आयुष्मान कार्ड

**कटनी।** ग्रामीण क्षेत्रों में,आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड मिशन मोड पर कैंप लगाकर बनवाया जाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। सुश्री कौर ने समीक्षा करने के आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा के दौरान पाया कि जिले की प्रगति संतोषजनक नहीं है। सुश्री कौर ने ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम रोजगार सहायकों की आईडी क्रिएट कर प्रगति लाने तत्परता पूर्वक कार्यवाही करने हेतु जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयुष्मान कार्य की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा होगी। आयुष्मान कार्ड के छूट गए हितग्राहियों की सूची का पर्याप्त प्रचार प्रसार करते हुए आयुष्मान कार्ड बनाएं। सुश्री कौर ने सीएमएचओ तथा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को निर्देशित किया है ।

# स्विफ्ट कार और छोटा हाथी की भीषण टक्कर, एक दर्जन लोग घायल





**अजयगढ़।** अजयगढ़ क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर तेज रफ्तार ने कहर बरपाया, जब स्विफ्ट कार और छोटा हाथी (टेंपो ट्रैवलर) की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं, पुरुष और एक मासूम बच्चा भी शामिल है। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्विफ्ट कार के दोनों एयरबैग मौके पर ही खुल गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के अतर्रा निवासी धीरज अवस्थी अपने परिवार के साथ पन्ना स्थित जुगुल किशोर मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी स्विफ्ट कार अजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत संतराम ढाबा के पास पहुंची, सामने से आ रहे छोटा हाथी से उनकी कार की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने मानवता दिखाते हुए पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए पन्ना जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### ये लोग हुए घायल-

स्विफ्ट कार में सवार अतर्रा (उ.प्र.) निवासी घायलों में धीरज अवस्थी (पिता राजा अवस्थी, उम्र 26 वर्ष), आकांक्षा अवस्थी (पिता राजा अवस्थी, उम्र 25 वर्ष), रश्मि अवस्थी (पिता राजा अवस्थी, उम्र 22 वर्ष), कंचन अवस्थी (पति नीरज अवस्थी, उम्र 29 वर्ष), विमला अवस्थी (पति राजा अवस्थी, उम्र 55 वर्ष), छवि पांडे (पिता दया शंकर, उम्र 27 वर्ष), अद्विक (पिता नीरज, उम्र 11 माह) वहीं छोटा हाथी में सवार अजयगढ़ निवासी घायल शंकर प्रसाद (पिता बेटा लाल, उम्र 36 वर्ष), संदीप कुशवाहा (पिता किशन, उम्र 30 वर्ष), हरिओम कुशवाहा (पिता शंकर लाल) शामिल है।

### पुलिस ने शुरू की जांच-

घटना की सूचना मिलते ही अजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का मुख्य कारण दोनों वाहनों की तेज रफ्तार मानी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**राजादहार हनुमान मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया।**

# जादहार हनुमान मंदिर में चोरी, दान पेटी व भगवान के आभूषण ले गए चोर

**देवेंद्रनगर।** थाना क्षेत्र में चोरियों की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और अब चोरों ने आस्था के केंद्र को भी नहीं बख्शा है। देवेंद्रनगर थाना से लगभग 10 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग-39, पन्ना रोड पर स्थित सिद्धस्थल राजादहार हनुमान मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया।




प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने मंदिर के गर्भगृह का ताला तोड़कर भगवान हनुमान जी की दोनों मूर्तियों के मुकुट, सोने-चांदी के आभूषण एवं दान पेटी चोरी कर ली। मंदिर पुजारियों के अनुसार दान पेटी में रखे करीब 2 लाख रुपये नकद एवं लगभग 2 किलो से अधिक सोने-चांदी के आभूषण चोरी होना बताया जा रहा है। सुबह जब पुजारी मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि लालजी सरकार का मुकुट और दान पेटी गायब है। वहीं मंदिर से कुछ दूरी पर सिक्के बिखरे पड़े मिले, जिसके बाद तत्काल देवेंद्रनगर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल की बारीकी से जांच शुरू कर दी गई है। राजादहार हनुमान मंदिर क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां मंगलवार और शनिवार को हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। आज शनिवार होने के कारण बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे और चोरी की घटना देखकर लोगों में आक्रोश और नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि मंदिर प्रबंधन समिति की लापरवाही के चलते यह घटना हुई। बताया जा रहा है कि मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे लंबे समय से खराब थे, जिसकी जानकारी होने के बावजूद उन्हें ठीक नहीं कराया गया। यदि कैमरे चालू होते तो चोरों की पहचान संभव हो सकती थी। इसके अलावा, स्थानीय लोगों ने बताया कि महज दो दिन पहले ही नगर में शरमन अग्रवाल की दुकान एवं गैस एजेंसी में शटर का ताला तोड़कर चोरी की गई थी, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। इसके बावजूद यदि पुलिस द्वारा समय रहते सतर्कता, गश्त और सख्ती बरती जाती, तो संभवतः राजादहार हनुमान मंदिर में हुई इस बड़ी चोरी की घटना को रोका जा सकता था। लगातार हो रही चोरियों के बाद भी ठोस कार्रवाई न होने से अब क्षेत्रवासियों में पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष और आक्रोश साफ तौर पर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों पहले देवेंद्रनगर के सतना रोड क्षेत्र में भी 9 से 10 ताले तोड़कर चोरी की गई थी, वहीं दो दिन पूर्व थाना क्षेत्र में 3 से 4 स्थानों पर चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। लगातार हो रही इन घटनाओं ने देवेंद्रनगर पुलिस के सामने कानून-व्यवस्था की गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही चोरों को पकड़ने का दावा किया जा रहा है, लेकिन इस घटना ने पूरे क्षेत्र में जनमानस की सुरक्षा और आस्था दोनों पर सवाल खड़े कर दिए।

# उड़ीसा राज्य से अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) की तस्करी कर पन्ना लाने वाले आरोपियों पर लगातार की जा रही कार्यवाही

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी पवई के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) लिये पाये जाने पर 03 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थ (गाँजा) के परिवहन, विक्रय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि तीन संदिग्ध व्यक्ति जूही मोड पवई कटनी मार्ग पर अपने पीठ पर बैग टांगे हुए है जिसमे अवैध मादक पदार्थ गांजा लिये कही जाने के इंताजर मे खड़े है। थाना प्रभारी पवई द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं एस.डी.ओ.पी. पवई भावना दांगी के मार्गदर्शन पर तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान जूही मोड़ पवई कटनी मार्ग रवाना किया गया। जो जूही मोड पहुंचकर




देखा तो तीन व्यक्ति अपने पीठ पर बैग टांगे हुए कही जाने के इंताजर मे खडे थे जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे जिन्हे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूँछताछ पर संदेहियो ने अपना-अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया। पुलिस टीम द्वारा संदेही व्यक्तियो के पिट्ठु बैग की तलाशी लिये जाने पर तीनो बैग मे पॉलीथीन से लपटे अलग-अलग 02-02 पैकेटो में कुल वजनी करीब 6 किलो 620 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) पाया गया । पुलिस टीम द्वारा तीनो आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना पवई में अपराध क्रमांक 530/25 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गांजा उड़ीसा से सस्ते दामों में विक्रय हेतु लाया गया था।

### गिरफ्तार आरोपी -

1- हरप्रसाद पटेल पिता खिल्लू पटेल उम्र 34 साल निवासी ग्राम जटा पहाडी थाना बमीठा जिला छतरपुर।

2- चिरौंजी लाल उर्फ लल्लू पटेल पिता श्री मिजाजी पटेल उम्र 31 साल निवासी ग्राम टपरियन पोस्ट लखेरी थाना खजुराहो जिला छतरपुर

3- परमलाल उर्फ पम्मू पटेल पिता श्री कलिया पटेल उम्र 22 साल निवासी ग्राम रमपुरा थाना बमीठा जिला छतरपुर

### जप्त सामग्री -

पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल वजनी करीब 6 किलो 620 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 01 लाख 30 हजार रूपये का जप्त किया गया है ।

# पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर क्रिकेट मैच का आयोजन

अमानगंज



पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में रहे मौजूद

क्षेत्र के ग्राम महेवा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101जन्म जयंती के उपलक्ष्य में महेवा ग्राउंड में गोल्ड स्टार क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। भाजपा नेता और समाजसेवियों ने अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। क्रिकेट क्लब महेवा ककरहटी के बीच खेला गया, जिसमें महेवा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया जिसमें ककरहटी ने बल्लेबाजी कर 140 रन का लक्ष्य रखा। इसके बाद महेवा टीम ने तावड़ तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 13 ओवर 3 गेंदों में 141 रन बनाकर 6 विकेट से जीत जीत लिया। आज के क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि डॉ सौरभश्रीवास्तव पूर्व मंडल अध्यक्ष अमानगंज, राजदीप गोस्वामी मंडल उपाध्यक्ष अमानगंज,भूपेंद्र सिंह राजपूत मंडल अध्यक्ष महेवा,सुजय सिंह मंडल महामंत्री महेवा,पवन सोनी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष, नारायण सिंह राजपूत,विपिन बिहारी व्यास, मुन्ना व्यास, अवधेश पाठक, की गरिमामई उपस्थिति रही।

# पुलिस की बड़ी कामयाबी: 35 गुमशुदा मोबाइल बरामद, अमानगंज पुलिस ने लौटाई लोगों की मुस्कान



**अमानगंज।** अमानगंज पुलिस को क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। लंबे समय से गुम हुए 35मोबाइल फोन को पुलिस ने तकनीकी सहायता और सतत प्रयासों के जरिए दस्तयाब कर लिया। मोबाइल वापस पाकर आवेदकों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। पुलिस द्वारा बरामद किए गए ये मोबाइल अलग-अलग मामलों में गुम हुए थे, जिनकी शिकायतें थाने में दर्ज कराई गई थीं। अमानगंज पुलिस ने गंभीरता से मामलों की जांच करते हुए मोबाइल ट्रैक कर उन्हें बरामद किया और विधिवत प्रक्रिया के बाद संबंधित आवेदकों को सौंप दिया। मोबाइल मिलने पर आवेदकों ने अमानगंज पुलिस के प्रयासों की सराहना की और आभार व्यक्त किया। इस सफलता से न केवल लोगों का पुलिस पर विश्वास मजबूत हुआ है, बल्कि यह संदेश भी गया है कि छोटी-बड़ी हर शिकायत पर पुलिस सजग और सक्रिय है। पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी अमानगंज रवि सिंह जादोन ने रविवार की शाम 4:00 बजे प्रेस नोट कर इस पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज रवि सिंह जादौन, आरक्षक अखिल पाल, मेहरबान सिंह, अरुण तिवारी, मुनेंद्र सिंह कि इस दस्तावेज में सराहनीय भूमिका रही।

# 108 पारायण महायज्ञ के दर्शन करने दूर-दूर से पहुंच रहे श्रद्धालु, तपोभूमि चोपड़ा मंदिर में बह रही धर्म की गंगा

**पन्ना।** पन्ना स्थित रमणीय स्थली तपोभूमि श्री 108 प्राणनाथ चोपड़ा मंदिर जहां 26 दिसंबर से निरंतर 151 साप्ताहिक पाठ पारायण महायज्ञ चल रहा है। पाठ पारायण का वचन ब्रह्मा मुनियों द्वारा किया जा रहा है एवं विद्वानों एवं विदुषी द्वारा प्रतिदिन महामति श्री प्राणनाथ जी की वाणी का वर्णन विस्तार रूप से उपस्थित श्रद्धालुओं को समझाया जा रहा है। इसके साथ भजन कीर्तन भी चल रहे हैं। स्थानीय एवं देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु धर्म लाभ ले रहे हैं।





### 40 वर्षों से निरंतर हो रहा है पाठ पारायण का आयोजन-

विगत 40 वर्षों से श्री प्राणनाथ धर्म प्रचार संगीत मंडल के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। समिति के सदस्य तिलक राज शर्मा ने बताया कि बीते 40 वर्षों से मंदिर प्रांगण में उक्त धार्मिक आयोजन किया जा रहा है यह 41मा वर्ष है। इसलिए कार्यक्रम को विस्तार रूप देते हुए 151 पाठ पारायण का आयोजन किया जा रहा है। और पूरा कार्यक्रम श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के संरक्षण में हो रहा है। महाराजा छत्रसाल ने महामति की प्रथम आरती इसी स्थल पर की थी जानकारी देते हुए श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर के पूर्व सचिव राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि शहर से दूर पहाड़ियों के बीच स्थित श्री प्राणनाथ चोपड़ा मंदिर वह पवित्र स्थल है, जहां बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल अपने सतगुरु श्री प्राणनाथ जी को पूर्ण ब्रह्म स्वरूप की पहचान कर किलकिला नदी के अमराई घाट से पालकी में बिठाकर और अपने कंधों का सहारा देकर विक्रम संवत 1740 में इसी पवित्र स्थल तक लेकर आए थे एवं उनके सम्मान में प्रथम द्वार से अपनी पाग व रानी ने अपनी साड़ी का पावड़ा बिछाकर प्रथम आरती की थी। तब से तपोभूमि मैं कई ब्रह्म मुनियों ने तपस्या कर पूर्ण ब्रह्म परमात्मा के साक्षात दर्शन किए हैं। चोपड़ा मंदिर के पास ही गंगा जमुना नाम के दो चोपड़ा हैं जिनका जल पवित्र एवं स्वास्थ्यवर्धक है। यह रमणीय स्थली आज भी शांति प्रदान करने वाली है।

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने बरामद हुई 151 मोटर साईकिलें और ऑपरेशन मुस्कान के तहत 470 बालक बालिकाओं को दस्तयाब

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में दिसम्बर 2025 का महीना समाप्त होते होते लंम्बित अपराधों का खुलासा करने मे पुलिस लगी हुई है। पुलिस ने बर्ष 2025 में चोरी हुई बाईकों में से लगभग 151 बाईके बरामद कर सबंधित वाहन मालिक को सौंपी है। जिससे वाहन मालिकों के चेहरों पर मुस्कान आई है। वहीं ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने गुम हुए 470 बालक, बालिकाओं को तलाश कर देश के विभिन्न राज्यों से दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंपा है। इन दस्तयाब हुए बालक, बालिकाओं के अलावा कुछ मानसिक विक्षिप्त, बृद्ध और घायलों को उनके परिजनों से मिलाया। एक जनवरी 2025 से अब तक जो गुम हुए थे उनमें कुल 470 शामिल है इनमें से 86 बालक और 384 बालिकाएं देश के विभिन्न राज्यों से पुलिस कि तत्परता के कारण बरामद हुए है।

### खेल मैदान की जमीन पर किया जा रहा अवैध उत्खनन

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम ढड़ारी में विकास के नाम पर विनाश का एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि सड़क निर्माण कर रही एमकेसी कंपनी के ठेकेदार ने ग्राम पंचायत द्वारा खेल मैदान के लिए प्रस्तावित शासकीय भूमि से रात के अंधेरे में चोरी-छिपे सैकड़ों डंपर मुरम निकाल ली है। इस अवैध उत्खनन के कारण प्रस्तावित खेल मैदान की जमीन अब 40 फीट गहरे जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो गई है। ढड़ारी के सरपंच प्रतिनिधि अशोक प्रजापति ने बताया कि ढड़ारी स्थित इस पहाड़ी क्षेत्र में एक प्राचीन मंदिर स्थित है, जिससे सटी भूमि पर ग्राम पंचायत ने युवाओं के लिए खेल मैदान का प्रस्ताव स्वीकृत किया था। एमकेसी कंपनी के ठेकेदार ने ग्राम पंचायत से किसी भी प्रकार की अनुमति लिए बिना, रात के समय मशीनों के जरिए उत्खनन शुरू किया। ग्रामीण विनोद तिवारी एवं रामावतार अहिरवार के अनुसार, अब तक लगभग 600 डंपर से अधिक मिट्टी और मुरम यहाँ से निकाली जा चुकी है। जब गाँव वालों को इस अवैध गतिविधि की भनक लगी, तो उन्होंने मौके पर पहुँचकर विरोध प्रदर्शन किया और काम को तत्काल बंद कराया।

### पुरानी रंजिश के चलते हुई हवाई फायरिंग, पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को भेजा जेल



**गढ़ीमलहरा।** बीते 26 दिसम्बर को गढ़ीमलहरा थाना अंतर्गत कलानी गांव में बर्चस्व और पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ा हुआ था। जिसमें पथराव और फाईरिंग की घटना हुई थी। फरियादि दिग्विजय सिंह ने पुलिस को बताया था कि उसके साथ मारपीट और जान से मारने को लेकर हवाई फायरिंग कि गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि वास्तव में मारपीट कि घटना और हवाई फायरिंग हुई है। पुलिस ने तत्काल रात में ही आरोपियों के खिलाफ जान से मारने का मामला पंजीबद्ध कर दिया था। गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी श्रीमती रीता सिंह ने दूरभाष पर बताया कि थाना क्षेत्र के कलानी गांव में 26 तारीख को रात में घटना घटित हुई थी। और रात में ही मामला पंजीबद्ध कर 27 तारीख को आरोपी दिग्गी राजा, बॉबी राजा और रजऊ राजा को गिरफ्तार कर लिया था, आज आरोपियों को जेल भेजने कि कार्यवाही कि गई है।

# देशभक्ति जनसेवा के नाम पर पुलिस का उजागर हो रहा दोहरा चरित्र?

## पुलिस द्वारा वीआईपी जुआडियों की फोटो रखी जाती गोपनीय, सामान्य जुआडि़यो की फोटो वायरल कर लूटी जाती वाहवाही

छतरपुर।

वैसे तो पुलिस देशभक्ति जनसेवा का नारा देती है, लेकिन देशभक्ति जनसेवा के नारे के बीच कभी कभी पुलिस का दोहरा चरित्र भी उजागर हो जाता है। पुलिस पीआरओ ग्रुप के माध्यम से पता चला की नौगांव पुलिस ने झीझन गांव में 3 जुआरी पकड़कर करीब 28 हजार रूपए बरामद किए। तो वहीं सिविल लाईन पुलिस ने मौराहा में जुआ के फड़ पर कार्यवाही करते हुए 6 जुआरी पकड़कर 34 हजार 600 रूपए बरामद किए। पुलिस ने वाहवाही लूटने के लिए इन दोनो जुआ के फड़ो की फोटो भी पुलिस पीआरओं ग्रुप के माध्यम से वायरल की, लेकिन इन्हीं बायरल फोटो ने पुलिस के दोहरे चरित्र को उजागर कर दिया। क्योंकि सिविल लाईन पुलिस ने करीब दो माह पूर्व महर्षि स्कूल के पीछे एक जुआ के फड़ पर छापामार कार्यवाही की थी, जहां करोड़ो रूपए मिलने कि चर्चाएं तो थी, लेकिन जप्ती लाखों रुपये में की दिखाई गई थी। और इन जुआरियों की फोटो भी इसलिए सार्वजनिक नहीं की गई थी, क्योंकि जुआरियों में अधिकांश बीआईपी थे। इसलिए उनकी आवभगत भी बीआईपी रूप में हुई। जबकि मीडिया के लोग फोटो प्राप्त करने के लिए भरसक प्रयास करते रहे, लेकिन मजाल नही कि इन बीआईपी जुआरियों की फोटो पुलिस थाने के बाहर वायरल हो जाए। क्या पुलिस का कानून सबके लिए बरावर नहीं है। जैसा कि कहा जाता है कि कानून सबके लिए बराबर है, लेकिन इस तरह की कार्यवाहियों से देखने को मिलता है कि कानून में भी भिन्नता है। सामान्य नागरिक के लिए कानून अलग है और बीआईपी लोगों के लिए अलग है। नौगांव थाना पुलिस ने झिझन में जो तीन जुआरी पकड़े उनमें कृपाराम यादव, अशुंल रैकवार, सोहित सिंह परमार सभी निवासी झीझंन है इसके अलावा थाना सिविल लाईन पुलिस ने मोराहा में जो 6 जुआरी पकड़े जिनके नाम भी पुलिस ने अपने प्रेस नोट मे खुलासा किए है। अभी कुछ दिनों पहले लवकुशनगर पुलिस ने भी जुआ का फड पकड़ा था और लवकुशनगर पुलिस ने भी जुआरियों की फोटो वायरल की थी और करीब 40 हजार रूपए इन जुआरियों से बरामद किए गए थे। छतरपुर पुलिस ने अपने प्रेस नोट में बताया कि अभी तक छतरपुर जिले में 450 से अधिक जुआ, सट्टा के मामले पंजीबद्ध किये गए, जिसमे 1720 से अधिक आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही कि गए है।



# किसानों के हक में सड़क पर शिवसेना, मंडी में किया हंगामा



छतरपुर।

जिले में खाद की निरंतर बढ़ती किल्लत और कालाबाजारी के खिलाफ शिवसेना ने मोर्चा खोल दिया है। शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी के निर्देशन और युवा शिवसेना जिलाध्यक्ष नीतेश तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों शिवसैनिकों और किसानों ने रविवार को सटई रोड स्थित खाद मंडी में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने न केवल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की, बल्कि मंडी में अव्यवस्थाओं को देखते हुए खड़े होकर किसानों को खाद का वितरण कराया। प्रदर्शन के दौरान नीतेश तिवारी ने नायब तहसीलदार से पूछा कि जब आम किसान कतारों में लगकर परेशान हो रहा है, तब नेताओं और उनके समर्थकों के पास पर्याप्त खाद कहाँ से आ रहा है?

## बिजावर जनपद सीईओ सहित चार दोषियों से होगी 13.26 लाख की वसूली

# नंदन फलोद्यान घोटाले में हुई बड़ी कार्रवाई

छतरपुर।

जिले में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई को अंजाम दिया है। जनपद पंचायत बिजावर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजना नागर सहित चार अधिकारियों और कर्मचारियों को सरकारी धन के गबन का दोषी पाया गया है, जिसके फलस्वरूप उनसे 13.26 लाख रूपए की सामूहिक वसूली के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

मामला जनपद पंचायत बिजावर की ग्राम पंचायत अनगौर के अंतर्गत नंदन फलोद्यान कार्यों में बरती गई गंभीर वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है, जहाँ बिना किसी जमीनी कार्य और बिना



सरपंच-सचिव के हस्ताक्षरों के फर्जी तरीके से सरकारी राशि का भुगतान कर दिया गया था। घोटाले का खुलासा तब हुआ जब सहायक लेखाधिकारी द्वारा फर्जी मटेरियल लिस्ट और एफटीओ जारी करने की शिकायत प्राप्त हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत सीईओ द्वारा कार्यपालन यंत्री सलिल सिंह और राजनगर जनपद सीईओ राकेश शुक्ला का एक विशेष जांच दल गठित किया गया था। जांच दल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि ग्राम पंचायत अनगौर के 11 हितग्राहियों के लिए स्वीकृत नंदन फलोद्यान कार्यों में सामग्री का भुगतान बिना सहायक यंत्री के माप सत्यापन और देयक प्रमाणीकरण के ही कर दिया गया। अभिलेखों के निरीक्षण में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि सामग्री भुगतान के देयकों पर न तो सरपंच के हस्ताक्षर थे और न ही सचिव के, बल्कि केवल रोजगार सहायक और उपयंत्री के हस्ताक्षरों के आधार पर राशि निकाल ली गई।

जांच के दौरान सबसे गंभीर लापरवाही यह उजागर हुई कि बिजावर जनपद सीईओ अंजना नागर ने स्वयं जून 2025 में एक नोटिस जारी कर स्वीकार किया था कि मौके पर कोई वृक्षारोपण कार्य मौजूद नहीं है। इसके बावजूद, और ग्राम पंचायत सचिव द्वारा एफटीओ निरस्त करने के लिए दिए गए लिखित आवेदन को दरकिनार करते हुए, अगस्त माह में 13.26 लाख रूपए का अवैध भुगतान सुनिश्चित किया गया। इस कृत्य के लिए अंजना नागर के साथ-साथ सहायक लेखाधिकारी दिलीप गुप्ता, उपयंत्री विकास श्रीवास्तव और ग्राम रोजगार सहायक राकेश मिश्रा को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया गया है। जिला पंचायत सीईओ ने मध्य प्रदेश पंचायत अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत इन चारों दोषियों से समान अनुपात में 3.315 लाख रूपए प्रति व्यक्ति की वसूली हेतु नोटिस जारी कर दिए हैं और इस प्रकरण की अगली सुनवाई के लिए 06 जनवरी 2026 की तिथि नियत की है।

# खजांची स्पोर्टिंग, एस जे सीनियर, एएस टाइगर सीनियर, नौगांव वॉरियर्स ने जीते अपने मुकाबले



नौगांव।

70 वें महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत रविवार को हुए क्रिकेट मैच के चार रोमांचक मुकाबले। क्रीड़ा सभापति अमित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को चार रोमांचक मुकाबले खेले गए

पहला मुकाबला खजांची सपोर्टिंग बनाम मूनलाइट के मध्य खेला गया जिसमें खजांची स्पोर्टिंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 10 ओवरों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 120 रन बनाएं और 121 रनों का लक्ष्य दिया खजांची स्पोर्टिंग से शानदार बल्लेबाजी करते हुए नदीम अंसारी ने 15 गेंद पर 45 रन बनाए जिसमें चार शानदार छक्के एवं चार चौके शामिल है जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मूनलाइट की टीम मात्र 32 रन ही बना सकी और इस मैच को खजांची स्पोर्टिंग ने 89 जीत लिया। दिन का दूसरा मुकाबला एस जे सीनियर बनाम महाराजपुर 11 के मध्य खेला गया महाराजपुर 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 10 ओवरों मे 58 रन बनाए और 59 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एस जे सीनियर की टीम ने इस मैच को सात विकेट से जीत लिया। दिन का तीसरा मुकाबला एएस टाइगर सीनियर बनाम कबीर सिंह सीनियर के मध्य खेला गया। कबीर सिंह सीनियर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और एएस टाइगर सीनियर को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। एएस टाइगर सीनियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 89 रन बनाएं और 90 रनों का लक्ष्य दिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी कबीर सिंह सीनियर ने भी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए इस मैच को अंतिम ओवर की अंतिम गेंद पर ले गए लेकिन दुर्भाग्य से यह मैच कबीर सिंह हार गई और इस मैच को एएस टाइगर ने छह रनों से जीत लिया। दिन का चौथा और अंतिम मुकाबला नौगांव वॉरियर्स बनाम पिपरी सुपर के मध्य खेला गया नौगांव वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले शानदार और तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 187 रन बनाएं और 188 रनों का लक्ष्य दिया नौगांव वॉरियर्स से शानदार बल्लेबाजी करते हुए होनहार क्रिकेटर सूरज तिवारी ने 26 गेंदो पर 78 रन बनाए जिसमें आठ छक्के और पांच चौके शामिल है, हर्षित भदौरिया ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 20 गेंद पर 65 रन बनाएं जिसमें पांच छक्के और छह चौके शामिल है जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पिपरी सुपर की टीम मात्र 23 रन ही बना सकी और इस मैच को नौगांव वॉरियर्स ने 164 रनों से जीत लिया।

# 45-50 लाख के प्लांटेशन में अनियमितताएं, मजदूरों की मजदूरी नहीं मिली



## बिजावर वन परिक्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार का मामला

छतरपुर।

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के वन मंडल अंतर्गत बिजावर वन परिक्षेत्र में पदस्थ रेंजर और उनके अधीनस्थ कर्मचारियों पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। आरोप है कि देवरी बीट कक्ष क्रमांक 371/372 में कैम्पा मद से कराए गए दो प्लांटेशन कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं।

इन प्लांटेशनों की अनुमानित लागत 45 से 50 लाख रुपये बताई जा रही है। योजना के अनुसार लगभग 30 हेक्टेयर भूमि पर सागौन प्रजाति के करीब 15,000 पौधों का रोपण किया जाना था। हालांकि मौके पर न तो भूमि का रकवा 75 एकड़ के बराबर दिखाई दे रहा है, न ही सागौन के पौधों की संख्या 15,000 के करीब है और न ही सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम नजर आ रहे हैं। आरोप है कि रेंजर और उनके कर्मचारियों ने मिलकर लाखों रुपये की राशि हड़प ली।

भ्रष्टाचार की पोल तब खुली जब प्लांटेशन में काम करने वाले पाल समाज के कुछ मजदूरों ने मीडिया के सामने अपनी व्यथा सुनाई। मजदूरों ने कैमरे पर बताया कि उन्होंने प्लांटेशन में गड्ढे खोदे और पौधे रोपे, लेकिन आज तक उन्हें मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। रेंजर से संपर्क करने पर उन्होंने खातों में पैसे आने की बात कही। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, मजदूरी की राशि मजदूरों के खातों में तो पहुंची, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह राशि वास्तव में किसके खातों में ट्रांसफर हुई और ऐसा क्यों किया गया।

इसके अलावा जांच का विषय यह भी है कि क्या 30 हेक्टेयर क्षेत्र में वाकई 15,000 पौधे लगाए गए हैं या नहीं। स्थानीय स्तर पर इस मामले की जांच की मांग उठ रही है, ताकि भ्रष्टाचार के इन आरोपों की सच्चाई सामने आ सके। वन विभाग में भ्रष्टाचार के ऐसे मामले पहले भी छतरपुर क्षेत्र में सामने आ चुके हैं, जिसमें अवैध कटाई और अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे थे।

# अैवध बालू डंप पर माइनिंग विभाग की कार्रवाई

## सत्ता पक्ष को संरक्षण देने और पक्षपात के लगे आरोप

छतरपुर।

शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सटई रोड पर माइनिंग विभाग द्वारा अवैध बालू के डंप पर की गई छापेमार कार्रवाई से एक नया विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल विभाग की इस कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप तो मचा, लेकिन साथ ही प्रशासन पर सत्ता पक्ष के प्रति बचाव का रवैया रखने के गंभीर आरोप भी लगे। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि प्रशासन केवल छोटे कारोबारियों को निशाना बना रहा है, जबकि प्रभावशाली नेताओं के संरक्षण में चल रहे बड़े डंपों की ओर आँखें मूंदे बैठा है।

जानकारी के मुताबिक माइनिंग विभाग की टीम ने रविवार को सटई रोड पर पहुँचकर अवैध रूप से संग्रहित बालू के डंप की जाँच की और उसे जब्त करने की वैधानिक कार्रवाई शुरू की। हालांकि, इस कार्रवाई के तुरंत बाद क्षेत्र में पक्षपात की चर्चाएँ तेज हो गई हैं। आरोप है कि शहर के मुक्तिधाम के पीछे, गुरैया रोड, नौगांव रोड और डिजिटल कॉलेज के पास जैसे कई प्रमुख स्थानों पर सत्ताधारी भाजपा नेताओं से जुड़े अवैध बालू के विशाल भंडार लगे हुए हैं, जिन पर विभाग कभी कार्रवाई नहीं करता। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब तक सभी अवैध डंपों पर समान रूप से कार्रवाई नहीं होती, तब तक प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल उठते रहेंगे। इस मामले में नायब तहसीलदार शशांक जैन और माइनिंग अधिकारी मनेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग नियमानुसार कार्रवाई कर रहा है और किसी भी अवैध भंडारण को बख्शा नहीं जाएगा।

# खजुराहो में आदिवर्त जनजातीय संग्रहालय की तीसरी वर्षगांठ पर भव्य सांस्कृतिक समारोह शुरू

खजुराहो।

विश्व प्रसिद्ध खजुराहो मंदिरों की नगरी में स्थित आदिवर्त जनजातीय लोककला एवं राज्य संग्रहालय अपनी स्थापना की तीसरी वर्षगांठ मना रहा है। इस उपलक्ष्य में 27 से 31 दिसंबर तक संग्रहालय परिसर के सामने पार्किंग स्थल पर पांच दिवसीय भव्य सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनजातीय एवं लोक परंपराओं की समृद्ध विरासत को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है। समारोह का शुभारंभ खजुराहो के सांसद बी.डी. शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम तथा नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर पन्ना सतानंद गौतम, पंकज पांडेय, संजू शुक्ला, शैलेंद्र सिंह यादव, श्रीकांत मिश्रा, श्याम बाबू त्रिवेदी, बीरा दीपक अग्निहोत्री सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने श्रीरामलीला नाट्य मंडली के कलाकारों का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन दिवस पर



श्रीरामलीला नाट्य मंचन के तहत श्रीराम कथा के विभिन्न प्रसंगों की सजीव एवं भावनात्मक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पांच दिवसीय इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए 22 कुशल शिल्पकार अपनी पारंपरिक हस्तनिर्मित कलाकृतियों का प्रदर्शन एवं विक्रय कर रहे हैं, जिससे स्वदेशी शिल्प परंपराओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। साथ ही बघेलखंड, बुंदेलखंड, चंबल एवं मालवा अंचलों के अलावा भील, कोरकू, बैगा एवं गोंड जनजातियों के व्यंजनकार पारंपरिक व्यंजनों का सजीव निर्माण कर रहे हैं, जिससे आगंतुक जनजातीय संस्कृति, खानपान एवं जीवनशैली से रूबरू हो रहे हैं। यह समारोह मध्य प्रदेश की जनजातीय एवं लोक कला की समृद्धि को आमजन तक पहुंचाने का एक अनूठा प्रयास है, जो खजुराहो की सांस्कृतिक धरोहर को और समृद्ध बना रहा है।

## खबर संक्षेप



### कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगा मतदान

**रीवा** । जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के तहत ग्राम पंचायत जरहा में रिक्त सरपंच पद के लिए 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान कराने के लिए ग्राम पंचायत में तीन मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मतदान केन्द्र शासकीय प्राथमिक पाठशाला भवन जरहा तथा प्राथमिक पाठशाला नवीन भवन अमिलिहा में स्थित हैं। इन मतदान केन्द्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि पुलिस अधीक्षक निर्वाचन के समय सभी मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के उचित प्रबंध करें जिससे मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो सके। मतदान कराने के लिए मतदान दल ईव्हीएम तथा मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्र पहुंच गये हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर तथा एसडीएम मनगवां संजय जैन ने गंगेव में मतदान सामग्री वितरण का निरीक्षण एवं मतदान दल के सदस्यों को आवश्यक निर्देश दिये।

### बसामन मामा गौअभ्यारण्य में एक जनवरी को होगा गोलोक दर्शन महोत्सव

**रीवा** । बसामन मामा गौअभ्यारण्य में हजारों बेसहारा गौवंश को आश्रय दिया जा रहा है इसके साथ-साथ वहां प्राकृतिक खेती और जैविक खेती के कई माडल विकसित किये जा रहे हैं। बसामन मामा गौअभ्यारण्य में एक जनवरी को गोलोक दर्शन महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में गौअभ्यारण्य प्रबंधन समिति के सचिव सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा है कि बसामन मामा तीर्थ के समीप ही गौअभ्यारण्य स्थित है। इसमें एक जनवरी को आयोजित गोलोक दर्शन में आमजनता गौशाला का भ्रमण करते हुए गायों का पूजन कर सकती है। इसके साथ-साथ प्राकृतिक खेती के लिए किये जा रहे विभिन्न प्रयोगों का देखने का भी अवसर आमजनता को मिलेगा। गौअभ्यारण्य में परंपरागत रसोइ की तरह भोजन गृह का निर्माण किया गया है। इसमें देशी प्रद्धति से निर्मित परंपरागत भोजन का आनंद भी आमजनता ले सकती है। भोजन शाला का संचालन गौफार्मा किसान संगठन द्वारा किया जा रहा है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि बसामन मामा में तैयार किये जा रहे प्राकृतिक के माडल में परंपरागत बीजों से अनाज की खेती की जा रही है। इनमें किसी भी तरह के रासायनिक, कीटनाशक और रासायनिक खाद का प्रयोग नहीं किया जाता है। गोबर और गोमूत्र से तैयार खाद और जैविक कीटनाशकों का ही फसलों में उपयोग किया जाता है। गाय में 33 कोटि देवताओं का वास माना गया है। नये वर्ष के अवसर पर गौसेवा की प्राचीन परंपरा का अनुशरण करते हुए आमजनता को गौसेवा और प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए गोलोक दर्शन महोत्सव आयोजित किया गया है।

### कलेक्टर आज करेगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा** । कलेक्टर प्रतिभा पाल 29 दिसंबर को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी। बैठक में धान उर्पाजन, खाद वितरण, ई-आफिस व्यवस्था की भी समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक आज

**रीवा** । जनजातीय कार्य विभाग में अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता और मानीटरिंग समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक 29 दिसम्बर को दोपहर 12.30 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गई है।

# घनी आबादी के बीच धड़ल्ले से संचालित हो रहे टाल लकड़ी टाल माफिया बिना लाइसेंस चला रहे आरा मशीन

## टाल संचालक के पास नगर निगम से न अनुमति है और न ही फायर जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

रीवा





शहर के अंदर नगर निगम सीमा क्षेत्र की घनी आबादी क्षेत्र में लकड़ी के टाल अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। लकड़ी टाल संचालकों ने न तो कोई अग्नि सुरक्षा के मापदंड पूरे किए हैं और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। इतना ही नहीं कई टाल संचालकों ने लाइसेंस तक रिन्यु नहीं कराया है। इसके बाद भी वन माफिया से मिलकर अवैध लकड़ी के टाल का संचालन कर रहे हैं। शहर भर में ऐसे दर्जनों लकड़ी के टाल हैं, जिन्हें शहर से बाहर करने के आदेश जिला प्रशासन द्वारा दिए गए थे, लेकिन उसका परिपालन आज तक नहीं हुआ। होटल, रेस्त्रां, स्कूल के आसपास ऐसे ही अवैध लकड़ी के टाल संचालित हो रहे हैं। अगर ऐसे में कोई अग्नि दुर्घटना होती है तो उस पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो जाएगा। इन्हें हटाने में निगम प्रशासन के भी पसीने छूट रहे हैं। शहर का टाल माफिया इतना सशक्त होता जा रहा है कि वह आम आदमी की सेहत से खिलवाड़ करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इतना ही नहीं जिस क्षेत्र में टाल संचालित हो रहे हैं, उस क्षेत्र के ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण की जाँच करने वाले अधिकारी हाथ पर हाथ रखकर बैठे हैं। टाल के आसपास के रहवासियों की पीड़ा सुनने की जरा भी फुरसत नहीं है।शोर को मापने नहीं है ध्वनि स्तर मीटरआरा मिल दिन और रात में विवादास्पद रूप से चलती है, जिससे भारी शोर उत्पन्न होता है। आरा मिलों और प्लाईवुड कारखानों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्धारित मानदंडों के अनुरूप हो। इसलिए एमपीपीसीबी उनका शोर स्तर मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा के अधिकारियों को अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर निरीक्षण करना चाहिए और फैक्ट्री परिसर और चारदीवारी पर शोर को मापने के लिए ध्वनि स्तर मीटर का उपयोग करना चाहिए।बीमारी का शिकार हो रहे लोगनगरीय क्षेत्र के अंतर्गत आवासीय इलाकों में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अवैध रूप से लकड़ी के टाल संचालित हो रहे हैं। इन टालों में भारी मशीनों के माध्यम से चिराई होती है, जिससे लगातार धूल, धुआं और ध्वनि प्रदूषण फैलता है। स्थानीय रहवासियों को दिन रात इन मशीनों की आवाज और धूल से सांस लेने में तकलीफ तक हो रही है। बता दें कि न तो किसी लकड़ी के टाल संचालक के पास नगर निगम से अनुमति है, न ही फायर एनओसी यहां तक की प्रदूषण विभाग की अनुमति भी नहीं है।फायर सुरक्षा के मापदंड भी पूरे नहींफायर सेफ्टी अधिकारियों को इन प्रतिष्ठानों की विजिट कर फायर सुरक्षा के मापदंड चेक करने चाहिए। जहाँ टाल प्रतिष्ठानों में सेफ्टी नॉर्मस पूरे न हों तो वहाँ लकड़ी के टाल का संचालन बंद होना चाहिए। मध्य प्रदेश काष्ठ चिरान ( विनियमन) अधिनियम, 1984 के तहत टाल संचालकों द्वारा प्रबंध नहीं किए गए हैं। भारतीय वन अधिनियम, 1927 के तहत लाइसेंस रिन्यू नहीं कराने वाले टाल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 का उल्लंघनशहर के अंदर घनी आबादी के बीच लकड़ी के टाल संचालित हो रहे हैं, जो शासन के नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं, क्योंकि मध्य प्रदेश काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 के तहत कोई भी टाल प्रतिष्ठान शहर के अंदर घनी आबादी के बीच नहीं होना चाहिए। फायर सुरक्षा के मापदंड पूरे होने चाहिए, लेकिन घनी आबादी के बीच धड़ल्ले से टाल संचालित हो रहे हैं और वहां फायर सेफ्टी के नॉर्मस को भी पूरा नहीं किया जा रहा है।

## मुकुंदपुर मार्ग पर सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद चक्काजाम, निर्माण कंपनी पर लापरवाही का आरोप





**रीवा**। रीवा जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तमारा में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। रविवार को तड़के युवक का शव रीवा लाए जाने के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने रीवा–मुकुंदपुर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। परिजन सड़क निर्माण कर रही कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे और दोषियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर जाम खुलवाया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रवि सोंधिया निवासी ग्राम तमारा के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बीती 28 तारीख की रात करीब 9 बजे रवि रीवा में दुकान पर काम करने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान गांव के पास सड़क निर्माण कर रही कंपनी द्वारा सड़क पर डाली गई मिट्टी पर बाइक फिसल गई, जिससे वह सड़क के नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घायल रवि को तत्काल उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया। वहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे नागपुर रेफर कर दिया। परिजन जब उसे लेकर नागपुर पहुंचे तो जांच के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन रविवार तड़के शव लेकर रीवा पहुंचे और रीवा–मुकुंदपुर मार्ग पर रखकर चक्काजाम कर दिया। परिजनों का आरोप है कि सड़क निर्माण कर रही बालाजी कंपनी की घोर लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ। उनका कहना है कि सड़क पर बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के मिट्टी डाली गई थी, जिससे बाइक फिसलने की आशंका बनी हुई थी। इसी लापरवाही के कारण रवि की जान चली गई। परिजनों ने कंपनी से उचित मुआवजे की मांग करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। चक्काजाम की सूचना मिलते ही गोविंदगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों व ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को संभाला। पुलिस अधिकारियों ने उचित कार्रवाई और जांच का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खुलवाया गया। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने भी सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का शताब्दी वर्ष रीवा में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया




**रीवा** । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद रीवा द्वारा आशिर्वाद मैरिज गार्डन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का शताब्दी वर्ष हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। कुर्बानियों और उपलब्धियों से भरा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का गौरवशाली इतिहास देश के मजदूरों और किसानों के हितों की रक्षा की जवाबदेही का प्रतीक रहा है। ज्ञात रहे कि 26 दिसंबर 1925 को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना कानपुर में कामरेड हसरत मोहनी एवं अन्य क्रांतिकारी साथियों द्वारा की गई थी। अपने स्थापना काल से लेकर आजादी तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जनता के बुनियादी सवालों को लेकर ब्रिटिश उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष को तेज किया। यह कम्युनिस्ट ही थे जिन्होंने अन्य क्रांतिकारियों के साथ मिलकर कांग्रेस के भीतर पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे वैचारिक संघर्ष के बाद स्वीकार किया गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के शताब्दी वर्ष समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव का. शैलेन्द्र कुमार शैली रहे। विशिष्ट अतिथि राज्य के पूर्व सचिव का. अरविंद श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता, उच्च न्यायालय जबलपुर थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य का. हरिद्वार सिंह भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला सचिव रीवा का. गया प्रसाद मिश्रा ने की तथा सफल संचालन का. संजय नामदेव, सिंगरौली के रूप में प्रसिद्ध कम्युनिस्ट नेता, द्वारा किया गया।वक्ताओं ने स्थापना काल से लेकर आजादी तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ऐतिहासिक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा आजादी के बाद जनवादी गणराज्य की स्थापना के लिए पार्टी द्वारा किए जा रहे निरंतर संघर्ष की चर्चा की। अपने उद्बोधन में का. शैलेन्द्र कुमार शैली ने कहा कि भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना, जहाँ लोकतंत्र की कोई आहट इसलिए नहीं है क्योंकि वहाँ सार्वजनिक क्षेत्र को समाप्त कर दिया गया। भारत में सार्वजनिक क्षेत्र जिस भी स्थिति में बचा हुआ है, उसी के कारण हमारा लोकतंत्र जीवित है। यदि लोकतंत्र को बचाना है तो सार्वजनिक क्षेत्र को बचाना होगा। उन्होंने मौजूदा सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करते हुए कहा कि यह सरकार एक फासीवादी सरकार है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने अपनी कांग्रेस में सबसे पहले भारत में फासीवाद की आहट को पहचाना था और तभी से कम्युनिस्ट कार्यकर्ता लगातार फासीवाद के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। कम्युनिस्ट पार्टी का दर्शन मार्क्सवाद का दर्शन है और मार्क्सवाद पक्षधरता का दर्शन है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारी राजनीतिक समझ के कारण हमारी प्रतिबद्धता मेहनतकश वर्ग के साथ है और लूटने वालों के खिलाफ है। "सबका साथ, सबका विकास" की अवधारणा को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की प्रतिबद्धता इस देश के करोड़ों मेहनतकश लोगों के साथ है, चाहे वे किसान हों, मजदूर हों, महिलाएँ हों, छात्र हों या युवा हों। जो भी मेहनतकश अवाम है, उसके जीवन को बेहतर बनाने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आजादी के बाद भी संघर्ष कर रही है। सभा को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य का. हरिद्वार सिंह ने राजनीतिक व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह वह कठिन दौर है जब हमारे जनवादी अधिकार लगातार समाप्त किए जा रहे हैं। संवैधानिक संस्थाओं को आरएसएस के चंगुल से मुक्त कराने के लिए कम्युनिस्ट पार्टी को एक जुझारू संघर्ष खड़ा करना होगा। उन्होंने कहा कि जब-जब सत्ता में कम्युनिस्ट पार्टी का दखल रहा है, तब-तब जनता के हितों में कानून बनाए गए। मनरेगा, सूचना का अधिकार, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण और प्रिवी पर्स की समाप्ति जैसे उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी हमेशा से राजशाही और पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ रही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के का. अरविंद श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता, ने अपने उद्बोधन में किसानों के बुनियादी सवालों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लालमणि त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 15 रीवा, उत्तर प्रदेश जौनपुर से महिला फेडरेशन की राष्ट्रीय नेता अंजू शास्त्री (एडवोकेट), का. रामानुज तिवारी, का. अरुण सिंह तिवारी (सतना), कमलेंद्र सिंह राम, सरोज कुशवाहा (सतना), का. हरिश्चंद्र पांडेय, का. सेवाराम त्रिपाठी (अध्यक्ष, प्रगतिशील लेखक संघ), श्रीमती अरुण पटेल, श्रीमती विभा पांडेय, रायचरण पटेल, नीरज कुशवाहा ने अपने विचार रखे।



## शहर के नाइट क्लब बीयर बार में ताबड़तोड़ फायरिंग, कर्मचारी को लगी दो गोलियां, हालत नाजुक, आरोपी गिरफ्तार, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच तेज

**रीवा**। शहर के शनिवार देर रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र के दीनदयाल धाम कॉलोनी के पास स्थित नाइट क्लब बीयर बार में अचानक गोलीबारी हो गई। बता दे मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और बार में काम करने वाले एक कर्मचारी को गोली मार दी गई। फायरिंग की इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 12 बजे नाइट क्लब बीयर बार के अंदर किसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी। विवाद बढ़ने पर एलबी सिंह नाम के युवक ने पहले हवाई फायर किया और इसके बाद बार में कार्यरत कर्मचारी जमुना सिंह बघेल को निशाना बनाते हुए गोलियां चला दीं। फायरिंग में जमुना सिंह को दो गोलियां पेट में लगीं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े। घटना के बाद बीयर बार में अफरा-तफरी मच गई। मौजूद लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। बार प्रबंधन और कर्मचारियों ने आनन-फानन में घायल जमुना सिंह को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है और डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक एलबी सिंह को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने घटनास्थल से खाली कारतूस सहित अन्य साक्ष्य जब्त कर लिए हैं। साथ ही बीयर बार में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी सामने आई है, जिसके आधार पर पुलिस पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में आपसी विवाद के बाद फायरिंग की बात सामने आई है, हालांकि विवाद की असली वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। सिविल लाइन थाना पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का पूरा खुलासा किया जाएगा और आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बीयर बार में हुई इस गोलीबारी की घटना ने एक बार फिर शहर की कानून-व्यवस्था और नाइट लाइफ की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## एसडीएम त्योंथर ने खरीदी केन्द्रों की निगरानी के लिए तैनात किये पटवारी

**रीवा** । त्योंथर अनुभाग में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में धान का उपार्जन किया जा रहा है। एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी ने सभी 22 खरीदी केन्द्रों में धान उपार्जन की निगरानी के लिए दो-दो पटवारी तैनात किये हैं। तैनात पटवारियों को खरीदी को आवंटित वारदाने के उपयोग, उपार्जित धान के भण्डारण तथा परिवहन एवं खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिये गये हैं। एसडीएम ने कहा है कि सभी पटवारी खरीदी केन्द्रों में किसानों को दी जाने वाले सुविधाएं सुनिश्चित करें। धान उपार्जन में किसी भी तरह की अनियमिता पाये जाने पर कठोर कार्यवाही प्रस्तावित करें।

**उठाव में सुस्ती से किसानों का भुगतान अटका**

## मऊगंज में धान खरीदी व्यवस्था बेपटरी, 4 लाख क्विंटल धान खुले आसमान में



**मऊगंज**। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत चल रही धान खरीदी व्यवस्था गंभीर संकट में फंसती नजर आ रही है। उपार्जन केंद्रों से समय पर उठाव नहीं होने के कारण करीब चार लाख क्विंटल से अधिक धान खुले आसमान के नीचे पड़ी है। मिलर-ट्रांसपोर्टरों की लापरवाही और प्रशासनिक सख्ती की कमी का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। भुगतान में हफ्तों की देरी से अन्नदाता आर्थिक तंगी झेलने को मजबूर हैं।जिले के बहुती, शिवराजपुर, बन्नई, खर्रा चिल्ल मऊगंज, हनुमना सहित दर्जनों उपार्जन केंद्रों पर खरीदी गई धान का समय पर उठाव नहीं हो पा रहा है। अनुबंधित मिलर ट्रांसपोर्टर पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था नहीं कर रहे, जिससे केंद्रों पर धान का अंबार लग गया है। कई केंद्रों की हालत यह है कि बोरे इस कदर जमा हो चुके हैं कि चलने तक की जगह नहीं बची।धान खुले में पड़ी होने से उसके खराब होने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। मौसम में बदलाव या बारिश की स्थिति में इतनी बड़ी मात्रा में रखी धान को बचाना मुश्किल होगा। इसके बावजूद जिम्मेदार मिलर और ट्रांसपोर्टर हालात से वाकिफ होने के बाद भी उदासीन बने हुए हैं।उठाव में देरी का सबसे बड़ा खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। खरीदी के दौरान एक सप्ताह में भुगतान का भरोसा दिया गया था, लेकिन तीन सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी कई किसानों के खातों में राशि नहीं पहुंची है। इससे किसान आर्थिक संकट में फंसते जा रहे हैं। वहीं सहकारी समितियां भी बारदाने की कमी और भंडारण समस्या से जूझ रही हैं।भारतीय किसान संघ मऊगंज के अध्यक्ष हरिशंकर पांडेय ने कहा कि उपार्जन केंद्रों में खरीदी गई धान का समय पर उठाव न होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मिलर-ट्रांसपोर्टरों पर सख्ती करते हुए तत्काल धान का उठाव कराया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके।इस पूरे मामले पर कलेक्टर मऊगंज ने खरीदी केंद्र प्रभारियों को पूर्व ही निर्देश जारी कर चुके हैं कि किसानों से ली गई धान की तत्काल तौल और सिलाई कराकर व्यवस्थित रूप से गोदामों में भंडारण किया जाए, ताकि स्वीकृति पत्रक जारी हो सके और भुगतान में देरी न हो। साथ ही केंद्रों पर छाया, पानी, अलाव, तौल कांटा, बारदाना और श्रमिकों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।हालांकि, जमीनी स्तर पर हालात अब भी जस के तस बने हुए हैं।धान खरीदी की स्थितिः 51% परिवहन अधूराप्रशासन की रिपोर्ट के मुताबिक 27 दिसंबर शाम तक जिले में 22,667 किसान पंजीकृत किए गए हैं। धान उपार्जन का लक्ष्य 1.20 लाख मीट्रिक टन तय है, जिसके लिए 34 उपार्जन केंद्रों पर खरीदी जारी है।अब तक 19,876 किसानों से 6,94,268 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। इसमें से 2,83,611 क्विंटल धान का परिवहन किया गया है, जो कुल खरीदी का 51 प्रतिशत है। वहीं भी लगभग चार लाख क्विंटल धान का उठाव अभी शेष है।जिला खाद्य अधिकारी अनिल गुप्ता ने बताया कि खरीदी का कार्य लगातार जारी है, लेकिन उठाव में अपेक्षित गति नहीं आ पाई है। लगभग चार लाख क्विंटल धान उपार्जन केंद्रों पर पड़ी है, जिसे शीघ्र उठवाने के प्रयास किए जा रहे हैं।यदि जल्द ही परिवहन की रफ्तार नहीं बढ़ी, तो धान खराब होने के साथ-साथ किसानों का नुकसान और भी बढ़ना तय माना जा रहा है।

**भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी का मानवीय पहल**

## नईगढ़ी पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों के परिजनों को किया कंबल का वितरण



**मऊगंज**। जिले के नईगढ़ी मेकड़ाके की ठंड के बीच मानवीय सेवा की मिसाल पेश करते हुए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी उप शाखा नईगढ़ी ने पोषण पुनर्वास केंद्र में रह रहे बच्चों के परिजनों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए। इस सेवा कार्य का नेतृत्व उप शाखा के चेयरमैन उमाशंकर त्रिपाठी ने किया।भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी उप शाखा नईगढ़ी द्वारा सामाजिक सरोकारों को मजबूत करते हुए पोषण पुनर्वास केंद्र में ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप शाखा के चेयरमैन उमाशंकर त्रिपाठी ने कहा कि शीतलहर के मौसम में जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना रेड क्रॉस की प्राथमिकता है। पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कुपोषित बच्चों के परिजन अक्सर सीमित संसाधनों में रहते हैं, ऐसे में ठंड से सुरक्षा उनके लिए अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम में डॉ. सुदीव कुमार तिवारी ने स्वास्थ्य और पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों के उपचार के साथ-साथ उनके परिजनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहना भी उतना ही जरूरी है। नेत्र सहायक बीएल तिवारी, पोषण प्रवर्तक आशीष खरे ने रेड क्रॉस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।सभी ने सेवा भाव से जरूरतमंदों को कंबल प्रदान कर उन्हें ठंड से बचाव का भरोसा दिलाया।रेड क्रॉस सोसाइटी की यह पहल न सिर्फ जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत लेकर आई, बल्कि समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को भी मजबूत करने का कार्य किया।कंबल वितरण के दौरान अस्पताल स्टाफ रविशंकर वर्मा, आशीष शुक्ला सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।